दिन–सोमवार दिनांक– 19/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

कोलकाता में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल आज भी जारी है। ओपीडी और ओटी सेवाएं प्रभावित हैं। इमरजेंसी सेवाओं को हड़ताल से बाहर रखा गया है। हालांकि, निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो गई है। इस बीच, बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ, भासा ने कहा है कि अगर पच्चीस अगस्त तक सरकार उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो राज्यस्तरीय कार्य बहिष्कार का फैसला किया जाएगा। इधर, इस घटना के विरोध में विभिन्न जिलों में डॉक्टरों और अन्य संगठनों की ओर से मार्च निकालकर चिकित्सकों की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा राज्यसभा चुनाव के लिए इक्कीस अगस्त को अपना नामांकन करेंगे। पहले नामांकन की तारीख बीस अगस्त तय थी। बिहार में राज्यसभा की दो सीटों के लिए तीन सितंबर को चुनाव निर्धारित है।

सुपौल के भीमनगर में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों ने प्रशिक्षण के दौरान खराब भोजन दिए जाने के विरोध में आज धरना प्रदर्शन किया। बारहवीं और पंद्रहवीं बटालियन में ट्रेनिंग के लिए आए कई जवानों की कल फूड प्वाइजनिंग से तबीयत खराब होने पर उन्हें वीरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालाकिं देर रात सभी को ईलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था।

——

आज सावन की अंतिम सोमवारी है। आज ही सावन का पवित्र महीना भी समाप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, बक्सर के ब्रह्मपुर स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान और सुपौल के तिलहेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

——

भाई–बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना करती हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प लेते हैं और उन्हें उपहार प्रदान करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लायेगा। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, वन विभाग रक्षाबंधन के पर्व को वृक्ष सुरक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। इसके लिये वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर सुरक्षा का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के राजधानी वाटिका में पेड़ पर राखी बांधी और पौधा लगाया।

——

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के अनेक स्थानों पर वज्रपात के साथ वर्षा की संभावना जतायी है।

———————————————————————————————

समाप्त